Regarding need to open a branch of AIIMS in western Uttar Pradesh-laid

श्री हरेन्द्र सिंह मलिक (मुजफ़्फ़रनगर) : पश्चिम उत्तर प्रदेश जनपद मुजफ्फरनगर मेरठ तथा बागपत आदि इस समय गम्भीर बीमारी कैंसर के फैलने से क्षेत्र की जनता त्राहि त्राहि कर रही है। स्थानीय स्तर पर कैंसर रोग का अस्पताल नहीं है। जिससे दिक्कतें और बढ जाती हैं। जिसमे निजी चिकित्सकों से इलाज कराने पर बहुत महंगा पड़ता है। कई बार गरीब व्यक्ति इलाज कराने से वंचित रह जाता है या उसे अपना घर बार बेचना पड़ता है। पश्चिम उत्तर प्रदेश में इन बीमारियों के इलाज के लिए कोई विशेष सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है। वहां मेरठ मेडिकल को उच्चीकृत कर AIIMS के समान करने अथवा मुजफ्फरनगर जनपद मे एक बड़े अस्पताल की योजना अति आवश्यक है। विशेषज्ञ द्वारा इस बीमारियो का फैलना प्रदूषण बताया गया है। अत: सरकार से अनुरोध है कि पश्चिम उत्तर प्रदेश में जनजीवन को बचाने के लिए AIIMS की एक शाखा खोले जाने की कार्रवाई करें ताकि लोगों का जीवन बच सके।